# भारत का वैश्विक ड्रोन केंद्र बनने का है लक्ष्यः राजनाथ

## कहा, मोदी सरकार उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए 'अनुकूलनकारी रक्षा' दृष्टिकोण तैयार कर रही है

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत का ड्रोन विनिर्माण के क्षेत्र में वैश्विक केंद्र बनने का लक्ष्य है क्योंकि नयी प्रौद्योगिकियां युद्धकला की अवधारणा में बुनियादी बदलाव ला रही हैं।

एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में सिंह ने यह भी कहा कि मोदी सरकार उभरती सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए अनुकूलनकारी रक्षा दृष्टिकोण तैयार कर रही है।

उसे विस्तार से सामने रखते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि 'अनुकूलनकारी रक्षा' का तात्पर्य महज यह नहीं है जो कुछ हुआ, उसपर कार्रवाई करना है बल्कि यह भी है कि इस बात का अनुमान लगाया जाए कि क्या हो सकता है और फिर उस हिसाब से बढ़-चढ़कर तैयारी करना है।

उन्होंने कहा संक्षेप में, इसमें अप्रत्याशित और बदलती परिस्थितियों के आलोक में अनुकूलनकारी, नवोन्मेषी और उन्नति करने की मानसिकता एवं क्षमता विकसित करना शामिल है।

उन्होंने कहा परिस्थितिजन्य जागरूकता, रणनीतिक और सामरिक स्तरों पर लचीलापन, स्फूर्ति और भविष्य की प्रौद्योगिकियों के साथ एकीकरण अनुकूलनकारी रक्षा को समझने और उसे बनाने की कुंजी हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि अनुकूलनकारी रक्षा' भारत की सामरिक संरचनाओं और संचालनगत जवाबी कार्रवाई का मंत्र होना चाहिए। उन्होंने अनुकूलनकारी रक्षा को केवल सामरिक विकल्प ही नहीं बल्कि उसे जरूरत बताया।



उन्होंने कहा जिस प्रकार से हमारे देश के सामने खतरे उभरकर सामने आये हैं, उसी के हिसाब से हमारी रक्षा प्रणालियां और रणनीतियां भी होनी ही चाहिए। हमें सभी भावी आकस्मिक स्थितियों के लिए तैयार रहना चाहिए।

यह महज सीमाओं की रक्षा करने से भी अधिक है, यह हमारे भविष्य को सुरक्षित रखना है। मनोहर पार्रिकर रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण केंद्र में अपने संबोधन में सिंह ने कहा कि भारत का विश्व का ड्रोन (विनिर्माण) केंद्र बनने का लक्ष्य है।

उन्होंने कहा इस दिशा में कई पहल की गयी हैं । इससे न केवल भारतीय अर्थव्यवस्था को मदद मिलेगी बल्कि यह 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम में बड़ा योगदान होगा।

उन्होंने कहा ड्रोन और स्वार्म प्रौद्योगिकी युद्धकला के तौर-तरीकों और साधनों में बुनियादी बदलाव ला रही हैं। इस विकास ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की युद्ध की समझ को पूरी तरह से बदल दिया है।

सिंह ने कहा, भूमि, वायु और जल तीनों आयामों में युद्धकला की पारंपरिक धारणाएं और अवधारणाएं तेजी से बदल रही हैं।

## त्रुटि रहित प्रवेश परीक्षा के लिए राज्य सुधारों में करें सहयोग : प्रधान

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को घोषणा की कि केंद्र सरकार जनवरी से देश में प्रवेश परीक्षाओं में विभिन्न सुधार लागू कर रही है। उन्होंने राज्य सरकारों से त्रुटि रहित प्रवेश परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सहयोग की अपील की।

प्रधान ने कहा कि राधाकृष्णन समिति ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) में सुधारों का खाका तैयार करते हुए अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है और उसकी अनुशंसाओं को लागू करने के लिए राज्यों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला से इतर संवाददाताओं से बातचीत में कहा, मैंने सभी राज्य सरकारों के शिक्षा सचिवों से अपील की है। आगामी वर्ष के लिए नयी प्रवेश परीक्षा श्रृंखला जनवरी में शुरू होगी। पिछले वर्ष के अनुभवों के आधार पर सरकार ने कई सुधार लागू किए हैं। इस कार्यशाला में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सचिवों ने हिस्सा लिया। शिक्षा मंत्री ने कहा, राधाकृष्णन समिति ने अपनी सिफारिशें दे दी हैं और इसे लागू करने के लिए राज्यों का सहयोग जरूरी है। मैंने इस मामले में सभी से अपील की है, खासकर प्रवेश परीक्षाओं के मामले में। उन्होंने कहा परीक्षाओं, विशेषकर प्रवेश परीक्षाओं को बिना त्रुटि के आयोजित कराना भारत सरकार और राज्य सरकार दोनों की जिम्मेदारी है।

## महायुति लोकसभा चुनाव में हुए नुकसान की करेगी भरपाई : फडणवीस

**पालघर, एजेंसी।**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियां विधानसभा चुनाव विजयी बनकर उभरने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगी तथा लोकसभा चुनाव के दौरान हुए नुकसान की भरपाई करेंगी। राज्य में 20नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के सिलसिले में पालघर जिले में तीन स्थानों पर रैलियों में फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में चुनाव के बाद सत्ता में महायुति के लौटने पर उसकी सरकार कृषि ऋण माफ कर देगी।

उन्होंने कहा, इस साल लोकसभा चुनाव में हमने जो भी नुकसान उठाया, उसकी हम भरपाई करेंगे। हमें विश्वास है कि महायुति गठबंधन सत्ता में बना रहेगा।



भारतीय जनता पार्टी, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की राकांपा के गठबंधन महायुति ने लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र की कुल 48 में से केवल 17 सीट जीती थीं। उसके विपरीत कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) के गठबंधन महा विकास आघाडी ने 30 लोकसभा सीट पर विजय हासिल की थी। भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में 23 सीट जीती थी लेकिन 2024 के संसदीय चुनाव में उसकी सीट घटकर नौ पर आ गयी।

फडणवीस ने कहा राज्य में महायुति की सरकार बन जाने के बाद कृषि ऋण को माफ करने का निर्णय लिया जायेगा जिससे कृषि समुदाय के वित्तीय बोझ को दूर करने में मदद मिलेगी।

वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि अगले पांच सालों तक किसानों को बिजली बिल से छूट दी जाएगी एवं एक समर्पित कंपनी उनके लिए 24 घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि राज्य में 2.5 करोड़ महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने वाली 'लाडकी बहिन योजना' महायुति सरकार में 'विपक्ष द्वारा इसे रोकने के प्रयासों के बावजूद' जारी रहेगी।

पालघर की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्रस्तावित वधावन बंदरगाह, बुलेट ट्रेन और तटीय सड़क परियोजनाओं के माध्यम से जिले को आगे लाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं।

उन्होंने कहा, इन परियोजनाओं से स्थानीय अर्थव्यवस्था को खूब बढ़ावा मिलेगा और पालघर के लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे... महायुति सरकार का रुख है कि हम यहां नष्ट करने के लिए नहीं बल्कि क्षेत्र के लाभ के लिए परियोजनाओं को विकसित करने के लिए हैं।

## केरल के निलंबित आईएएस अधिकारियों पर गंभीर आरोप

**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** केरल सरकार ने दो आईएएस अधिकारियों के. गोपालकृष्णन और एन. प्रशांत के खिलाफ जारी निलंबन आदेश में सेवा नियमों के उल्लंघन और गंभीर अनुशासनहीनता का हवाला दिया है।

सरकार ने आदेश में आरोप लगाया कि गोपालकृष्णन के कृत्य ने अखिल भारतीय सेवा संवर्ग के भीतर फूट पैदा की, जबकि प्रशांत के आचरण ने राज्य की प्रशासनिक प्रणाली की छवि को नुकसान पहुंचाया।

गोपालकृष्णन को सरकारी अधिकारियों के लिए धर्म आधारित 'व्हाट्सऐप ग्रुप' बनाने के कारण निलंबित कर दिया गया था।

## भगवंत मान ने की कांग्रेस-भाजपा की आलोचना

**चंडीगढ़, एजेंसी।**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को बरनाला विधानसभा क्षेत्र के संघेड़ा और धनौला में दो चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए जन समस्याओं को नजरअंदाज करने के लिए दोनों पार्टियों की तीखी आलोचना की। अपने संबोधन में श्री मान ने शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, बुनियादी ढांचे और लोककल्याण के क्षेत्र में किए गए अभूतपूर्व कार्यों पर प्रकाश डाला और जनता को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला।

मुख्यमंत्री ने पराली प्रबंधन में मदद करने में विफलता और पंजाब के किसानों को समर्थन की कमी के लिए केंद्र सरकार की भी कड़ी आलोचना की।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के लोग कह रहे हैं कि हमारा धुआं उनकी हवा को प्रदूषित कर रहा है, तो कुछ कह रहे हैं कि यह धुआं दिल्ली जा रहा है। लेकिन यह सच नहीं हो सकता क्योंकि सारा धुआं हमारी तरफ से ही नहीं जा रहा है। वायु प्रदूषण की कोई सीमा नहीं है। अन्य राज्य भी धान की खेती करते हैं। हम भी इस समस्या का सामना कर रहे हैं और इससे निपटने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं, जबकि केंद्र सरकार हमारी मदद नहीं कर रही है।

### एक नजर

## कांग्रेस नेता एमटी पद्मा का निधन

**कोझिकोड (केरल), एजेंसी।** केरल की पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता एम.टी. पद्मा का मंगलवार को मुंबई में उम्र संबंधी बीमारियों के कारण निधन हो गया। वह 81 वर्ष की थीं। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। पद्मा के परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं। वह पिछले तीन वर्षों से अपनी बेटी के साथ मुंबई में रह रही थीं। सूत्रों ने बताया कि पद्मा का पार्थिव शरीर बुधवार को कोझिकोड लाया जाएगा और बृहस्पतिवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। कोयिलैंडी विधानसभा क्षेत्र से दो बार निर्वाचित पद्मा ने 1991-96 के दौरान यूडीएफ सरकार में मत्स्य पालन, ग्रामीण विकास एवं पंजीकरण विभाग के मंत्री के रूप में कार्य किया था। केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन और केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशन ने पद्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया।

## भाजपा को चुनाव में खतरा महसूस हो रहा है : वडेट्टीवार

**मुंबई, एजेंसी।** कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने मंगलवार को भाजपा नेताओं पर बटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सेफ हैं जैसे नारे लगाने के लिए निशाना साधा और दावा किया कि सत्तारूढ़ पार्टी इस तरह के ध्रुवीकरण वाले बयान इसलिए दे रही है क्योंकि उसे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में खतरा महसूस हो रहा है। निवर्तमान विधानसभा में विपक्ष के नेता वडेट्टीवार ने कहा, हिंदू खतरे में नहीं हैं, खतरे में भाजपा है। यही कारण है कि भाजपा नेता 'बटेंगे तो कटेंगे' और एक हैं तो सेफ हैं जैसे नारे लगा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले पड़ोसी देश बांग्लादेश में जुलाई-अगस्त में छात्रों के नेतृत्व में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हुई हिंसा का हवाला देते हुए बटेंगे तो कटेंगे का नारा दिया था। उन्होंने महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले महायुति के लिए प्रचार करते हुए यह नारा दोहराया। महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव 20 नवंबर को होने हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले सप्ताह महाराष्ट्र के धुले में एक चुनावी रैली में एक नया नारा एक हैं तो सेफ हैं दिया और कांग्रेस पर दलितों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ी जातियों को बांटने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

## पटोले की कुत्ता वाली टिप्पणी से छिड़ा विवाद, भाजपा की तीखी प्रतिक्रिया

**अकोला (महाराष्ट्र), एजेंसी।**

कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले की एक टिप्पणी पर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। पटोले ने दावा किया कि भाजपा ने ओबीसी समुदाय की तुलना कुत्ते से की है।

अकोला पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र में एक सभा को संबोधित करते हुए पटोले ने यह भी कहा कि भाजपा के साथ कुत्ते जैसा व्यवहार करने का समय आ गया है।

पटोले ने कांग्रेस उम्मीदवार साजिद खान पठान के समर्थन में एक जनसभा में कहा, मैं अकोला जिले के ओबीसी लोगों से पूछना चाहता हूं कि क्या आप उस भाजपा को वोट देंगे जो आपको कुत्ता कहती है? अब समय आ गया है कि भाजपा को कुत्ता बना दिया जाए।

पटोले ने कहा कि भाजपा डर दिखाकर देश की एकता को तोड़ने का काम कर रही है।

पटोले की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने कहा कि इस तरह के बयान कांग्रेस की हताशा को दर्शाते हैं। सोमैया ने कहा, ऐसे बयान महा विकास आघाडी (एमवीए) की हताशा को दर्शाते हैं। वे निराश से हताश होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा, शरद पवार कुछ कह रहे हैं, उद्धव ठाकरे निर्वाचन आयोग को अपशब्द कह रहे हैं।

## मध्यप्रदेश में 26 आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए

**भोपाल,एजेंसी।** मध्यप्रदेश सरकार ने बड़े पैमाने पर फेरबदल करते हुए राज्य में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 26 अधिकारियों का तबादला कर दिया है।

सोमवार देर रात जारी किए गए आदेश के अनुसार श्रीमन शुक्ला के स्थान पर अब चिकित्सा शिक्षा सचिव सुरभि गुप्ता को शहडोल संभाग का आयुक्त नियुक्त किया गया है।

अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) मनु श्रीवास्तव को खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अतिरिक्त प्रभार के साथ अक्षय ऊर्जा विभाग का प्रभार दिया गया है। एसीएस नीरज मंडलोई को ऊर्जा विभाग का प्रभार सौंपा गया है।

## अजित पवार ने मोदी के संदेश का समर्थन किया

**अमरावती, एजेंसी।**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'एक हैं तो सेफ हैं' संदेश का मंगलवार को समर्थन किया। हालांकि, उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बटेंगे तो कटेंगे' नारे का विरोध करते हुए इसे महाराष्ट्र की वैचारिक विरासत से अलग बताया।

अजित ने दावा किया कि उनके भतीजे और प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार युगेंद्र पवार की राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं है और वह बारामती में रहना तक पसंद नहीं करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के 'एक हैं तो सेफ हैं' संदेश का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि अगर भारत एकजुट रहेगा, तो सुरक्षित रहेगा। अजित ने कहा, इसमें (प्रधानमंत्री के संदेश में) कुछ भी गलत नहीं है। मुझे इसमें कोई मुद्दा नहीं दिखता। हम साथ रहेंगे, तो सबकी तरक्की होगी। हालांकि, उन्होंने योगी के 'बटेंगे तो कटेंगे' नारे से असहमति जताई।



अजित ने कहा, (योगी का) 'बटेंगे तो कटेंगे' नारा उचित नहीं है। उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्यप्रदेश में लोगों की सोच अलग है, लेकिन ऐसे बयान यहां नहीं चलते। मेरी राय में महाराष्ट्र में ऐसे शब्दों का इस्तेमाल कोई मायने नहीं रखता है।

उन्होंने कहा, महाराष्ट्र छत्रपति शाहू महाराज, महात्मा ज्योतिराव फुले और शिवाजी महाराज का राज्य है। महाराष्ट्र के लोग अलग हैं और वे अलग तरह से सोचते हैं। अगर कोई शाहू, शिवाजी, फुले और आंबेडकर की विचारधारा से भटकेगा, तो महाराष्ट्र उसे नहीं बख्शेगा। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) द्वारा पवार परिवार के गढ़ बारामती में युगेंद्र को मैदान में उतारने पर अजित ने कहा कि उनकी मां ने शरद पवार से परिवार में चुनावी मुकाबले से बचने का आग्रह किया था।

उन्होंने कहा, मैंने (पत्नी) सुनेत्रा पवार को लोकसभा चुनाव में सुप्रिया सुले के खिलाफ खड़ा किया। इससे वह (शरद पवार) बहुत आहत हुए हैं। यही कारण है कि उन्होंने युगेंद्र पवार को मेरे खिलाफ उम्मीदवार बनाया है। अजित ने दावा किया युगेंद्र की राजनीति में कोई दिलचस्पी नहीं है वह बारामती आना तक पसंद नहीं करते हैं। उन्हें विदेश में रहना पसंद है। मुझे नहीं पता कि उन्हें क्या हो गया है। लोकसभा चुनाव में बारामती के हाई-प्रोफाइल मुकाबले में अजित की चचेरी बहन सुप्रिया ने उनकी पत्नी सुनेत्रा को करारी शिकस्त दी थी।

## सीआईएसएफ में पहली महिला बटालियन के गठन को मंजूरी

**इंद्र वशिष्ठ**

**नई दिल्ली, मेट्रो मीडिया।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीआईएसएफ में पहली महिला बटालियन के गठन को मंजूरी दे दी है।

महिलाओं को सशक्त बनाने और राष्ट्रीय सुरक्षा में उनकी भूमिका बढ़ाने के उद्देश्य से, यह निर्णय लिया गया है।

सीआईएसएफ के डीआईजी (आसूचना) दीपक वर्मा ने बताया कि सीआईएसएफ उन महिलाओं के लिए एक पसंदीदा विकल्प रहा है जो वर्तमान में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में राष्ट्र की सेवा करना चाहती है।

सीआईएसएफ में लगभग एक लाख 90 हजार की नफरी है जिसमें महिला बल कर्मियों की संख्या 7 फीसदी से अधिक हैं। महिला बटालियन के गठन से देश भर की महत्वाकांक्षी युवा महिलाओं को सीआईएसएफ में शामिल होने और राष्ट्र की सेवा करने के लिए और प्रोत्साहन मिलेगा। इससे सीआईएसएफ में महिलाओं को एक नई पहचान मिलेगी। महिला बटालियन में 1025 महिलाएं होंगी।



सीआईएसएफ मुख्यालय ने नई बटालियन के लिए शीघ्र भर्ती, प्रशिक्षण और मुख्यालय के स्थान के चयन के लिए तैयारियाँ शुरू कर दी है।

प्रशिक्षण को विशेष रूप से डिज़ाइन किया जा रहा है जिससे एक विशिष्ट बटालियन बनाई जा सके और बल की महिलाओं को वीआईपी सुरक्षा में कमांडो के रूप में, हवाई अड्डों की सुरक्षा, दिल्ली मेट्रो रेल सुरक्षा जैसे विविध कर्तव्यों स्थलों पर सुरक्षा सेवा प्रदान करने हेतु सक्षम बनाया जा सके।

53वें सीआईएसएफ दिवस समारोह के अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देश के अनुसरण में, बल में महिला बटालियनों के सृजन की प्रक्रिया शुरू की गई थी।

## हेमंत सरकार सभी मोर्चे पर विफल, हर तरफ भ्रष्टाचारः नड्डा

**गिरिडीह,एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री जे.पी नड्डा ने झारखंड की हेमंत सरकार को सभी मोर्चे पर विफल करार दिया और कहा कि इस सरकार के कार्यकाल में हर तरफ केवल भ्रष्टाचार है।

नड्डा ने गिरिडीह जिले के देवरी प्रखंड के तिवारीडीह मैदान में मंगलवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय जनता दल पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि जहां ये तीनो दल मिलकर सरकार बनाए और वहां भ्रष्टाचार नहीं हो, ऐसा हो नहीं सकता।

## मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है कांग्रेसः भाजपा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को आरोप लगाया कि आगामी महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों में हार सुनिश्चित देख कांग्रेस मुस्लिम समुदाय के विभाजनकारी तत्वों के साथ साजिश रच रही है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए दावा किया कि कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटक दल वोट हासिल करने के लिए मुसलमानों को खुश करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा, भाजपा इस बात को लेकर बिल्कुल स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी वोटों की खातिर मुस्लिम समुदाय के सभी रूढ़िवादी और विभाजनकारी तत्वों के साथ मिलकर षड्यंत्र कर रही है क्योंकि विधानसभा चुनावों में अपनी हार को लेकर वह आशंकित हैं। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी जब कहते हैं कि 'एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे' तो वे (कांग्रेस) इसका मजाक उड़ाते हैं और निर्वाचन आयोग का दरवाजा खटखटाते हैं। भाजपा सांसद ने संविधान पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के रुख पर भी सवाल उठाया और धर्म के आधार पर आरक्षण के प्रति उनकी पार्टी के दृष्टिकोण की आलोचना की।

**आतंकवाद** चिनाब दरिया पर पेरिस के एंफिल टावर से ऊंचे बने रेलवे ब्रिज पर हुई माकड्रिल

## आतंकी हमलों में आए उछाल से सरकार व सुरक्षा एजेंसीज की भृकुटियां तनी

**सतीश वर्मा**

**जम्मू,मेट्रो मीडिया।** जिस प्रकार आतंकी हमलों व गतिविधियों में खासा उछाल आया है, उससे बड़े प्रतिष्ठानों की भी सुरक्षा को लेकर गंभीर चुनौतियां बढ़ गई है। वह भले सुरक्षा बलों से जुड़े परिसर हो या फिर प्रतिष्ठान बल्कि बड़ी-बड़ी प्रतिष्ठित सरकारी परियोजनाओं की सुरक्षा भी एक बड़ी चुनौती से कम नहीं लगती है। कश्मीर संभाग से लेकर जम्मू संभाग के कमोबेश तमाम विभिन्न इलाकों में बेहद अत्याधुनिक घातक हथियारों तथा संचार व्यवस्था से लैस पाकिस्तान मूल के हमलावर आतंकी जंगल, माउंटेन तथा अन्य दुर्गम क्षेत्रों में वारदात को अंजाम देने में बेहद निपुण माने जा रहे हैं।



रक्षा विशेषज्ञों की माने तो 5 अगस्त 2019 के बाद से चीन भी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई तथा पाकिस्तान सेना को ना केवल रणनीतिक बल्कि सामरिक मदद भी करने में लगा है। जम्मू संभाग का पीर पंजाल क्षेत्र हो या फिर चिनाब वैली, उधमपुर, रियासी, कठुआ तथा जम्मू व सांबा जिला पिछले 2 से 3 साल के भीतर में बेहद प्रशिक्षित आतंकियों ने कई वारदातों को अंजाम दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक बहरहाल, आज जिला रियासी के बक्कल और कोरी के बीच चिनाब दरिया बने रेलवे ब्रिज पर मॉक ड्रिल की गई। चिनाब दरिया पर यह करीब 1.3 किलोमीटर लंबा ब्रिज है। इसकी ऊंचाई पेरिस के एफिल टावर से भी 35 मीटर ऊंची है। दावा किया गया है कि 260 किलोमीटर गति से चलने वाली तेज हवाओं में भी इस पुल का कुछ भी नहीं बिगड़ सकता।

दरअसल, यह उधमपुर, कटरा, बनिहाल काजीकुंड, श्रीनगर तथा बारामूला तक का रेल मार्ग है।

सुरक्षा से जुड़े सूत्रों का कहना है कि जिस प्रकार कल के महीनों में बेहद खतरनाक आतंकी हमलों में तेजी आई है, उसके मद्देनजर रेलवे के इस महत्ती प्रोजेक्ट की सुरक्षा को लेकर चिंता और चुनौतियां दोनों देखी जा रही हैं।


**Morning Glory Leasing and Finance Limited**

CIN:L67120DL1984PLC018872 , Website: www.morninggloryleasing.in
Regd. Off: IRIS House 16 Business Centre, Nangal Raya, New Delhi-110046.
Email: morninggloryleasing@gmail.com, Ph: 011- 4711 9100

**Statement Of Standalone Unaudited Financial Results For The Quarter And Half Year Ended September 30, 2024** (₹ in Lakhs)

| Sl. No. | Particulars | Standalone | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | For the Quarter Ended on 30-09-2024 Unaudited | For the Quarter Ended on 30-09-2023 Unaudited | For the Half Year Ended on 30-09-2024 Unaudited | For the Year Ended on 31-03-2024 Audited |
| 1 | Total income from Operations | 1.70 | 2.14 | 2.95 | 5.00 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax & Exceptional items) | 0.69 | 1.43 | 0.99 | 2.38 |
| 3 | Net Profit for the period (before Tax after Exceptional items) | 0.69 | 1.43 | 0.99 | 2.38 |
| 4 | Net Profit for the period (after Tax after Exceptional items) | 0.44 | 1.08 | 0.74 | 1.76 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit for the Period after Tax and Other Comprehensive Income after Tax) | (17.42) | (34.14) | 23.58 | (131.46) |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face value of Rs.10/- each) | 24.90 | 24.90 | 24.90 | 24.90 |
| 7 | Reserves (excluding Revaluation Reserves) as shown in the Audited Balance Sheet of the previous year | - | - | - | - |
| 8 | Earnings Per Share (of ₹10/- each) (For continuing and discontinued operations) (Not Annualised) | | | | |
| | 1. Basic | (7.00) | (13.71) | 9.47 | (52.79) |
| | 2. Diluted | (7.00) | (13.71) | 9.47 | (52.79) |

NOTES :
1. The above results were reviewed and recommended by the Audit Committee and then approved by the Board of Directors at their meeting held on 12th November, 2024. The unaudited financial results for the quarter and Six Months ended September 30, 2024 have been limited reviewed by the Statutory Auditors of the Company.
2. The above is an extract of the detailed format of unaudited quarterly financial results filed with the stock exchanges under regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation,2015. The full format of the unaudited quarterly financial results is available on the stock exchange websites. (URL-www.msei.in) and also on above mentioned Company's website at https://www.morninggloryleasing.in.
3. There is no change(s) in accounting policies which impact on net profit/loss, total comprehensive income or any other relevant financial item(s).
4. Exceptional items adjusted in the Statement of Profit and Loss in accordance with Ind-AS Rules.

For and on behalf of the Board of Directors of
Morning Glory Leasing and Finance Ltd
Sd/-
Rajesh Bagri
Managing Director and Chief Financial Officer

Place: New Delhi
Date: 12th November, 2024